(घ) और (ङ). राज्य की योजनागत स्कीमों के कार्यान्वयन के लिए दी गई केन्द्रीय वित्त सहायता के अलावा, कोई विशेष वित्तीय सहायता इन परियोजनाओं को दिए जाने संबंधी कोई अलग प्रस्ताव इस समय नहीं है।

**दिल्ली उपग्रह टेलीविजन केन्द्र का स्थायी रूप से कार्य करना**

4741. **श्री रीतलाल प्रसाद वर्मा :** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि दिल्ली उपग्रह टेलीविजन केन्द्र को स्थाई रूप से चलाने के प्रबन्ध न किये जाने के क्या कारण हैं जबकि इसे केन्द्रीय स्तर पर चलाना महत्वपूर्ण और अनिवार्य है ?

**सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री लाल कृष्ण अडवाणी) :** बेस प्रोडक्शन सेंटर, दिल्ली की स्थापना 'साइट' प्रयोग, जो 31 जुलाई, 1976 को समाप्त हुआ था, के दौरान सर्वथा अस्थायी ढांचे के रूप में की गई थी। बाद में सरकार ने 'साइट' द्वारा कवर किए जाने वाले क्षेत्रों में स्थलीय आधार पर सेवा प्रदान करने का निर्णय बेस प्रोडक्शन सन्टर, दिल्ली को जयपुर तथा रायपुर के प्रेषण केन्द्रों के लिए ढाई-ढाई घंटे की अवधि के कार्यक्रम उपलब्ध करने होते हैं। इसके अलावा इसको मुजफ्फरपुर प्रेषण केन्द्र, जो शीघ्र ही चालू होने वाला है, के लिए भी इतनी ही अवधि के कार्यक्रम उपलब्ध करने हैं। प्रतिदिन इतनी मात्रा में लगभग 7 1/2 घंटे कार्यक्रम तैयार करना एकल स्टूडियों के लिए संभव नहीं है।

यह और सिद्ध हो गया है कि यदि कार्यक्रमों में क्षेत्रीय पुट दी जानी हो तो यह आवश्यक है कि प्रेषण केन्द्र तथा बेस प्रोडक्शन सेंटर एक ही स्थान पर हों। 'साइट' उत्तरवर्ती क्षेत्रों में निर्माण केन्द्र और प्रेषण केन्द्र को एक ही स्थान पर करने का प्रश्न पहले ही विचाराधीन है।

**Setting up of a Paper Factory in Balaghat, Madhya Pradesh**

4742. SHRI KACHRU LAL HEMRAJ JAIN: Will the Minister of INDUSTRY be pleased to state:

(a) whether it is a fact that bamboo is available in Balaghat District of Madhya Pradesh in plenty and paper factory can be very easily set up there;

(b) whether Government have been thinking or any representation has been made to Government to set up paper mill in Balaghat district of MP keeping in view the availability of raw material there; and

(c) the decision taken by Government ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INDUSTRY (KUMARI ABHA MAITI): (a) It is known that the Balaghat area of Madhya Pradesh is richly endowed with bamboo resources which can be utilised for the manufacture of paper and paper board.

(b) Applications have been received for setting up industrial undertakings for the manufacture of paper in Balaghat district.

(c) A letter of intent has been issued for setting up an undertaking with a capacity of 45,000 tonnes per annum in district Balaghat for the manufacture of different varieties of paper. Further licensing would take into account the availability of sufficient raw materials also keeping in view the requirement of the existing mills in Madhya Pradesh.

**हिन्दी अधिकारियों की नियुक्ति के लिए परीक्षा**

4743. **श्री रामजीवन सिंह :** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हिन्दी अधिकारियों की नियुक्ति के लिए संघ लोक सेवा आयोग ने 1969 में परीक्षा ली थी ;

(ख) यदि हां, तो उसका परीक्षाफल अभी तक घोषित नहीं किया गया ;

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ; और

(घ) क्या सरकार का विचार हिन्दी अधिकारियों के लिए अन्य परीक्षा लेने का है और यदि हां; तो क्या यह परीक्षा गत परीक्षा के परिणाम की घोषणा के पूर्व ली जाएगी ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री धनिक लाल मण्डल) : (क) जी हां, श्रीमान्।

(ख) जी हां, श्रीमान् ।

(ग) संघ लोक सेवा आयोग ने जो परीक्षा ली थी उसमें अधीनस्थ कार्यालयों के कर्मचारी शामिल नही हो सकते थे। इस बंदिश के खिलाफ, एक अधीनस्थ कार्यालय के कर्मचारी ने उच्च न्यायालय में रिट-याचिका दायर की जो सफल रही। कार्मिक विभाग में उच्च न्यायालय के निर्णय के विरुद्ध, उच्चतम न्यायालय में अपील दायर करने के लिए आवेदन दे रखा है जो अभी तक अनिर्णीत है और इसलिए संघ लोक सेवा आयोग ने परीक्षा परिणाम घोषित नहीं किया है।

(घ) सरकार हिन्दी अधिकारियों का "केन्द्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा" नामक एक संवर्ग बना रही है जिसके अंतर्गत चयन के लिए कुछ बातों के बारे में परीक्षा लेने के मामले पर विचार किया जा रहा है।

**West Bengal Government request for Central Assistance for construction of Bridge over Subarnarekha.**

4744. SHRI ROBIN SEN: Will the Minister of SHIPPING AND TRANSPORT be pleased to state:

(a) whether Chief Minister, Government of West Bengal has written to the Planning Commission requesting Government of India for a Rs. 2·50 crores central assistance for the construction of a bridge over the Subarnarekha at Kutighata, Midnapur; and

(b) if so, what is the reaction of Government thereto ?

THE MINISTER OF STATE IN-CHARGE OF THE MINISTRY OF SHIPPING AND TRANSPORT (SHRI CHAND RAM): (a) Yes, Sir.

(b) The States Govt. are concerned as the bridge, when constructed, would fall on a State road. In fact, it has already been included in the State Plan and the State Plan proposals for 1977-78 indicated that some expenditure has also been incurred on this work. The State Govt. have been advised that if they attach a high priority to this work, they may consider provision of a suitable outlay for it in the State Plan, especially as the provision in the State Plan for 1977-78 now amounts to Rs. 8·78 crores compared to Rs. 7·62 crores originally proposed by the State Govt.

**Age limit for recruitment to Class III and Class IV posts**

4745. SHRI HARI VISHNU KAMATH: Will the Minister of HOME AFFAIR be pleased to state:

(a) whether it is a fact that some State Governments for example of Madhya Pradesh and Bihar have raised the upper age limit for recruitment to class III and class IV services to 28 years and 30 years respectively;

(b) whether the upper age limit for such services in Central Government and nationalised banks is now 25 years only;

(c) whether Government propose to raise that limit to 28 if not 30, in the interest of educated unemployed from the rural areas; and

(d) if not, the reasons therefor ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI DHANIK LAL MANDAL): (a) The Government of Bihar have temporarily raised the upper age limit by three years for recruitment to all categories of posts until December, 1979. The Government of Madhya Pradesh have however raised the upper age limit from 28 to 30 years for recruitment to all services and posts under the State Governments except class IV posts for which the State Government have not laid down any upper age limit.